

# सिंधिया सदैव सेवा और जनकल्याण के लिए तत्पर : भारती

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 1 जनवरी।** केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का जन्मदिन सुभाषपुरा सतनवाड़ा मंडल द्वारा सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। पूर्व विधायक प्रहलाद भारती ने कहा कि सिंधिया सदैव सेवा और जनकल्याण के लिए तत्पर रहते हैं और उनके जन्मदिन को सेवा के माध्यम से मनाना कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी है।

कार्यक्रम में सतनवाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर की साफ-सफाई की गई, मरीजों को फल वितरित किए गए और पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ महेन्द्र कुशवाह,



एमओ पंकज किरार के साथ भाजपा जिला मंत्री एवं मंडल प्रभारी नरोत्तम रावत, जिला मंत्री अवतार सिंह गुर्जर, भाजपा मंडल अध्यक्ष चंदन सिंह धाकड़, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवकुमार धाकड़, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. मंगल सिंह धाकड़, प्रकाश सिंह गुर्जर, सरपंच रामप्रकाश धाकड़, मंडल उपाध्यक्ष रामनिवास धाकड़, रमेशचंद्र सेन, राकेश धाकड़, मंडल महामंत्री गोविंद सिंह गुर्जर, पिट्ठूराम मोंगिया, बूथ अध्यक्ष ओमप्रकाश सेन, कम्पी आदिवासी सहित भाजपा के अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से सेवा और संवेदना के महत्व को उजागर किया गया।

# सिंधिया के जन्मदिन पर जितेंद्र जैन गोटू ने किया कंबल वितरण



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 1 जनवरी।** केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का जन्मदिवस गुरुवार को ग्राम अमरपुर, खरई मंडल में 'सेवा दिवस' के रूप में श्रद्धा, समर्पण और संवेदना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कड़ाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच गर्म वस्त्र (कंबल) वितरित किए गए।

कार्यक्रम का आयोजन पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र जैन गोटू के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने स्वयं जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर सेवा का संदेश दिया। इस दौरान क्षेत्रीय नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजनों ने सिंधिया के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर जनसेवा हेतु ईश्वर से कामना की।

# आदिवासी बस्ती में मिठाई एवं गर्म कपड़े बांटकर मनाया सिंधिया का जन्मदिन

**नवभारत न्यूज**

**पोहरी 1 जनवरी।** पोहरी नगर परिषद अंतर्गत सोनीपुरा आदिवासी वस्ती मे जाकर पूर्व मंत्री सुरेश धाकड़ राठखेड़ा एवं नगर परिषद अध्यक्ष रश्मि नेपाल सिंह

**आदिवासी बस्ती में बांटे भोजन के पैकेट**

वर्मा ने आज़ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का जन्मदिन आदिवासी बस्ती में सभी लोगों को खाने के पैकेट तथा महिला बच्चों एवं बुजुर्ग को मिठाई बांटकर एवं गर्म कपडे बाँट कर मनाया। वही नगर परिषद् अध्यक्ष रश्मि नेपाल धाकड़ ने कहा की केंदीय मंत्री का जन्मदिन का जन्मदिन सेवा भाव के साथ गरीबो की सेवा करके मनाए का का संकल्प लिए है। इस दौरान आदिवासी बस्ती में भोजन के पैकेट के साथ बच्चों बुजुर्ग एवं महिला को गर्म कपडे बाँट कर मनाया गया।



# पोहरी में सिंधिया का जन्मदिन सेवा भाव के तौर पर मनाया

## पार्षद राजकुमारी-शैलेन्द्र धाकड़ ने आदिवासी बस्ती में बांटे गर्म ट्रेकशूट, प्रसूताओं के लिए कंबल किये भेंट

**नवभारत न्यूज**

**पोहरी 1 जनवरी।** शिवपुरी जिले में केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का जन्मदिन सिंधिया समर्थक व भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सेवाभाव के तौर पर मनाया गया है। जहा इसी क्रम में पोहरी क्षेत्र में श्रीमंत सिंधिया के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए।

जहा पोहरी क्षेत्र में वार्ड 10 पार्षद श्रीमती राजकुमारी-शैलेन्द्र धाकड़ द्वारा जाखनोद आदिवासी बस्ती में पहुँच आदिवासी परिवारों के बच्चो को गर्म कपड़े (ट्रेक शूट) वितरित किये है जिसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोहरी पहुँच अस्पताल प्रवंधन को प्रसूताओं हेतु कंबल भेंट किये है।



पार्षद राजकुमारी-शैलेन्द्र धाकड जीवनकाल से ही समाजसेवी के तौर पर क्षेत्र में कार्यरत है और लगातार आमजन के लिए सहयोगार्थ कार्य कर रही है। सिंधिया के जन्मदिवस पर करीब एक सैकड़ा परिवारों के लिए ट्रेकशूट बांटे है जिससे कड़ाके की ठंड में लोगो को राहत मिल सके।

कार्यक्रम के दौरान आदिवासी परिवारों के साथ केक काटकर महाराज सिंधिया का जन्मदिवस मनाया गया। जहा इस दौरान पर्यावरण संरक्षण को बढावा देने के उद्देश्य से एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत अशोक का पौधा रोपा गया।

इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष आशुतोष जैमिनी, बीएमओ डॉ दीक्षांत गुधेनिया, नगर परिषद अध्यक्ष रश्मि-नेपाल वर्मा, उपाध्यक्ष कृष्णलता-संजीव शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि रिंकू देशमुख, बंटी राजे, पप्पन खान, कविता- भूपेंद्र आदिवासी, रमेश यादव, भाजपा नेता कुलदीप शर्मा, विनीता-लक्ष्मीनारायण खटीक सहित अन्य मौजूद रहे।

# एसडीओपी ने बिटिया वैदेही के हाथों वितरित कराए कंबल

**नवभारत न्यूज**

**पिछोर 1 जनवरी।** नववर्ष के अवसर पर पिछोर एसडीओपी प्रशांत शर्मा द्वारा मानवीय संवेदना और सेवा भाव का परिचय देते हुए नगर में जरूरतमंद आदिवासी

**गोपाल मंदिर परिसर, राजघाट कॉलोनी एवं नगर की आदिवासी बस्तियों में अभियान**

परिवारों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह वितरण उनकी तीन वर्षीय पुत्री वैदेही शर्मा के करकमलों से कराया गया।



कंबल वितरण कार्यक्रम पिछोर नगर के बस स्टैंड स्थित गोपाल मंदिर परिसर, राजघाट कॉलोनी एवं नगर की आदिवासी बस्तियों में संपन्न हुआ। इस दौरान निर्धन, असहाय एवं जरूरतमंद आदिवासी लोगों को कंबल वितरित किए गए। कंबल प्राप्त होने पर लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी स्पष्ट दिखाई दी और सर्द मौसम में राहत मिलने से वातावरण खुशनुमा बन गया।

कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों ने एसडीओपी प्रशांत शर्मा एवं उनके परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किए। इस अवसर पर एसडीओपी प्रशांत शर्मा ने कहा कि समाज में जो लोग वास्तव में निर्धन, असहाय एवं जरूरतमंद हैं, उनकी वास्तविक सहायता एवं सहयोग हर व्यक्ति को किसी न किसी रूप में अवश्य करना चाहिए। उन्होंने सेवा और संवेदना को सामाजिक दायित्व बताया। यह पहल नववर्ष पर सामाजिक सरोकार और मानवीय मूल्यों का प्रेरक उदाहरण बनी।

# अजा मोर्चा के जिला अध्यक्ष वीर सिंह सगर ने किया रक्तदान

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 1 जनवरी।** ज्योतिरादित्य सिंधिया का जन्मदिन शिवपुरी में भाजपा कार्यकर्ताओं और समाजसेवी संस्थाओं ने सेवाभावी कार्य कर मनाया गया।

अनेकों जगह पूड़ी सब्जी, खिचड़ी, फल वितरण के स्टॉल लगाए गए वहीं शिवपुरी जिला चिकित्सालय में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष वीर सिंह सगर ने अपने नेता के जन्मदिन पर रक्तदान किया। अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष सगर ने कहा ऐसे विशेष दिन पर सभी को रक्तदान करना चाहिए ताकि किसी जरूरतमंद व्यक्ति को रक्त मिल सकें। हमारे नेता जननायक श्रीमंत सिंधिया जी का लक्ष्य जनसेवा हैं रक्तदान भी जनसेवा के साथ महादान है। इस दौरान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष दीपक शाक्य, भाजपा नेता निम्मा सरदार, भगवत सगर आदि उपस्थित रहे।



# बिजली लाइनों से दूर पतंग उड़ाने की अपील

**भोपाल.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने मकर संक्रांति के अवसर पर नागरिकों से सुरक्षित पतंगबाजी करने की अपील की है। प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने बताया कि पतंग और उसके धागे बिजली की लाइनों, ट्रांसफार्मरों और पोल से टकराने पर फॉल्ट पैदा कर सकते हैं, जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित होने के साथ हादसे का खतरा भी बढ़ जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पतंग में इस्तेमाल होने वाले धागे और बांस की कीमची दोनों ही बिजली के लिए खतरनाक हैं। नागरिकों से आग्रह किया गया है कि पतंगबाजी हमेशा लाइनों से दूर करें और बिजली के तारों में फंसी पतंग को स्वयं निकालने का प्रयास न करें। कंपनी ने गिल्ली-डंडे जैसे खेलों को भी बिजली लाइनों और डीपी से दूर खेलने का अनुरोध किया है, ताकि त्यौहार सुरक्षित और उल्लासपूर्ण ढंग से मनाया जा सके।

### 10 करोड़ की लागत से सुधरेगी सड़क

**धार.** जिले की सरदारपुर तहसील के अंतर्गत राजगढ़ से बाग तक का हाइवे मार्ग लंबे समय से बदहाल स्थिति में है, लेकिन अब इस मार्ग की हालत सुधरने वाली है. करीब 50 किलोमीटर लंबे इस हाइवे पर डामर पूरी तरह उखड़ चुका है और जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे रोजाना आवाजाही करने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था. खराब सड़क के कारण वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई थी और दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी. मार्ग की जर्जर स्थिति को देखते हुए अब इसके नवीनीकरण का निर्णय लिया गया है.

# सांसद प्रतिनिधि राठौर ने भी रखा छात्रावास में कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 1 जनवरी।** केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के जन्मदिन पर सेवा भारती वनवासी बालक छात्रावास में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के साथ आत्मीयता और सेवा भाव के साथ भोजन कर मानवीय संवेदनाओं का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के आयोजक एवं



सांसद प्रतिनिधि हरिओम राठौर रहे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह सेवा कार्यक्रम सेवा भारती वनवासी बालक छात्रावास, सरस्वती विद्या पीठ स्कूल के समीप, फतेहपुर, शिवपुरी में दोपहर के समय आयोजित किया गया।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारान चंचल जैन पत्नी श्री सत्यपाल जैन एंव श्रीमती मोनिका जैन पत्नी श्री शलैन्द्र जैन ने उक्त अचल संपत्ति भवन पर निर्मित प्रथम, द्वितीय, तृतीय मंजिल स्थित सब्जी मन्डी के पास, कोर्ट रोड शिवपुरी में है। जिसका म्यु. भवन क्र. 454 वार्ड क्र. 09 है। जिसका कुल क्षेत्र बिल्डअप एरिया 1701 वर्गफुट है, जो मेरे पक्षकारान ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरे पक्षकारान के द्वारा किये गये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है :- पूर्व में-भवन व दुकान आशीष मित्तल, पश्चिम में-भवन श्रीमती निधि गोयल, उत्तर में-रोड, दक्षिण में -नाला जिसका कुल क्षेत्रफल बिल्डअप एरिया 1701 वर्गफुट है। लेकिन मेरे पक्षकारान के विक्रेता अमित वाशिष्ट पुत्र स्व. श्री हरीमोहन वाशिष्ट को वसीयतकर्ता ज्योति स्वरुप उर्फ बाबा सियाराम ने अपने जीवनकाल में रजिस्टर्ड वसीयत दस्तावेज क्र. 43 ग्रन्थ नं. 3-ए/30 तारीखी 0412.2000 वसीयतग्रहिता अमित वाशिष्ट पुत्र स्व. श्री हरीमोहन वाशिष्ट के हित में लेखबद्ध की गई। लेकिन मेरे पक्षकारान के विक्रेता अमित वाशिष्ट के वसीयतकर्ता ज्योति स्वरूप उर्फ बाबा सियाराम की मृत्यु हो जाने के बाद वसीयतग्रहिता अपने हिस्सा का मालिक व काबिज होकर स्वत्व स्वामित्व अधिपत्य में होकर चली आ रही है। अगर किसी व्यक्ति, बैक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को या परिवार के किसी सदस्य को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 7 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी और मेरे पक्षकारान चचंल जैन पत्नि श्री सत्यपाल जैन एंव श्रीमती मोनिका जैन पत्नी श्री शलैन्द्र जैन ने उक्त अचल संपत्ति भवन पर निर्मित प्रथम, द्वितीय, तृतीय मंजिल का कुल क्षेत्रफल बिल्डअप एरिया 1701 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा आई. सी. आई. सी. आई. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड सिटी सेन्टर ग्वालियर से आवंटित करा रहे है। जो सुचित हो।

**दिनांक-01.01.2026**
**स्थान- ग्वालियर**

**भवदीय**
**संजय बाकलीवाल एडवोकेट**
**चिक संतर मुरार ग्वालियर**
**मो. 9300981954**



# सीएम ने मोरटक्का में नव वर्ष पर किए दर्शन

## किसान कल्याण और समाज सेवा पर दिया जोर

**खंडवा, 1 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नव वर्ष के अवसर पर खंडवा जिले के मोरटक्का में नर्मदा नदी के तट पर स्थित राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मंदिर में सपरिवार पूजा-अर्चना की और उपस्थित नागरिकों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं.**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है. मध्यप्रदेश में कृषि विकास की दर लगातार बढ़ रही है और इस वर्ष को प्रदेश सरकार ने किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा की है. मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्मदा नदी मध्यप्रदेश की जीवन रेखा है और मां नर्मदा की कृपा से प्रदेश की कृषि और समृद्धि लगातार बढ़ रही है. उन्होंने राजराजेश्वरी सेवा भारती न्यास द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की. इस अवसर पर उन्होंने कुपोषण मुक्त भारत अभियान के तहत संचालित मातृ एवं शिशु आरोग्य केंद्र का निरीक्षण किया और गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण आहार सामग्री वितरित की. मुख्यमंत्री ने न्यास द्वारा निर्माणाधीन वेद विद्यालय का भी अवलोकन किया और कन्या-पूजन कर बालिकाओं को उपहार प्रदान किए. इस दौरान खंडवा विधायक कंचन मुकेश तन्वे, मांधाता विधायक नारायण पटेल, खंडवा महापौर अमृता अमर यादव, पुलिस महानिरीक्षक अनुराग, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे. डॉ. यादव ने इस अवसर पर किसानों और आम नागरिकों के कल्याण तथा सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया.



### मुख्यमंत्री ने 2026 के कैलेंडर का किया विमोचन

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को मध्यप्रदेश शासन के वर्ष 2026 के कैलेंडर का विमोचन किया. किसान कल्याण वर्ष 2026 को समर्पित यह कैलेंडर समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश थीम पर प्रकाशित किया गया है. मुख्यमंत्री ने कैलेंडर की बहुरंगी प्रस्तुति और विषय वस्तु की प्रशंसा की और कहा कि यह अधिकारी, कर्मचारी और प्रदेशवासियों के लिए उपयोगी साबित होगा. वर्ष 2026 के शासकीय कैलेंडर में प्रदेश के प्रमुख आयोजनों, उपलब्धियों और लक्ष्यों को चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया है. जनवरी पृष्ठ पर पीएम मोदी और मुख्यमंत्री डॉ.यादव द्वारा धार में एकीकृत मेगा टैक्सटाइल पार्क का शिलान्यास दिखाया गया है. फरवरी में राष्ट्रीय डेयरी सम्मेलन और डेयरी किसानों की प्रगति को उजागर किया गया. मार्च में जनजातीय समुदाय में होलिका उत्सव के साथ मुख्यमंत्री की सहभागिता, अप्रैल में तापी बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना, मई में महिला सशक्तिकरण और जून में मछुआ समाज के सशक्तिकरण को प्रदर्शित किया गया है. जुलाई और अगस्त में कृषि और जल संरक्षण पर जोर, सितंबर में प्रधानमंत्री आवास योजना, अक्टूबर में किसानों की फसल सुरक्षा, नवंबर में स्वदेशी अभियान और दिसंबर में भावांतर योजना के तहत किसानों को उचित मूल्य दिलाने की गतिविधियों को दर्शाया गया है.